**Day-1**

गुरुकुल महिला महाविद्यालय, कालीबाड़ी रोड़, रायपुर (छ.ग.) में भारत सरकार के नेशनल काउसिंल ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी, इंस्टिट्यूट इनोवेशन कॉउंसिल पंडित रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी रायपुर एवं छत्तीसगढ़ कौंसिल ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी द्वारा उत्प्रेरित एवं प्रायोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का उद्घाटन समारोह गुरुकुल प्रेक्षागृह में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभांरभ माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्र्यापण एवं दीप प्रज्जवलन से हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. ए.के. त्रिपाठी, डीन, कॉलेज ऑफ डेयरी साइंस एण्ड फुड टेक्नोलॉजी, रायपुर का स्वागत प्राचार्य अध्यक्ष एवं सचिव द्वारा किया गया। डॉ. त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को विज्ञान विषय का सही अर्थ समझाते हुए साइंस शब्द का पूरा नाम (सिस्टमैटिक कंप्रिहेंसिव इन्वेस्टिगेशन एड एक्सप्लोरेशन ऑफ़ नेचुरल कास एंड इफैक्ट्स) को बताया। छात्राओं को प्रत्येक शब्द का अर्थ समझाया और बताया कि यह हमारे जीवन के प्रत्येक क्षण से जुड़ा हुआ है। कार्यक्रम के प्रथम स्पीकर डॉ. दीप्ति जैन अग्रवाल प्राचार्य, रुंगटा कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी ने छात्राओं को एनवायरमेंटल मैनेजमेंट सिस्टम के बारे में जानकारी दी तथा समझाया कि इसके लिए छात्राओं को अपनी ओर से क्या कदम उठाने चाहिए जिससे हमारा पर्यावरण सुरक्षित और संरक्षित रहे। डॉक्टर अग्रवाल मैडम ने छात्राओं से प्रश्न पूछ कर जानकारी ली। वर्तमान समय में आप पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए अपनी ओर से क्या जिम्मेदारी उठा रहे हैं। छात्राओं ने उत्तर देते हुए उनको संतुष्ट किया। द्वितीय सत्र के स्पीकर डॉ. भानुश्री गुप्ता, सिनियर असिस्टेंट प्रोफेसर, सेन्टर फॉर बेसिक साइंस, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) ने आइ.क्य.ू ई.क्यू और ए.क्यू पर प्रकाश डाला। छात्राओं को समझाया कि वे इंटेलेक्चुअल क्वोशेंट, इमोशनल क्वोशेंट तथा अरैंजमेंट क्वोशेंट को विकसित करें ताकि पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सके। तीसरे स्पीकर श्री दिलीप कुमार साहू, असिस्टेंट प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन, गव्हमेंन्ट व्ही.वाय.टी. पी.जी. आटोनॉमस कालेज, दुर्ग (छ.ग.) ने छात्राओं को ई-वेस्ट मैनेजमेंट करके पर्यावरण को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी उठाने के लिए जानकारी दी। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संध्या गुप्ता, शासी निकाय अध्यक्ष श्री अजय तिवारी, सचिव श्रीमती शोभा खण्डेलवाल, महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं छात्रायें उपस्थित थे।





**Day-2**

गुरुकुल महिला महाविद्यालय, कालीबाड़ी रोड़, रायपुर (छ.ग.) में भारत सरकार के नेशनल काउसिंल ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी, इंस्टिट्यूट इनोवेशन कॉउंसिल पंडित रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी रायपुर एवं छत्तीसगढ़ कौंसिल ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी द्वारा उत्प्रेरित एवं प्रायोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के द्वितीय दिवस 27.02.2024 को छात्र-छात्राओं हेतु पोस्टर/क्विज/मॉडल काम्पीटिशन आयोजित हुआ।
सेव इन्वायरमेंन्ट सेव अर्थ विषय पर पोस्टर काम्पीटिशन में कुल 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। निर्णायक डॉ. नमिता ब्रम्हे, डॉ. कविता ठाकुर एवं डॉ. के.के. हैरिस ने छात्राओं से पोस्टर की जानकारी ली एवं छात्राओं को विषय के बारे में जानकारी भी दी।

क्विज काम्पीटिशन 4 चरणों में आयोजित हुआ। प्रथम चरण क्वालीफाइंग ग्राउंड था जिसमें भी विज्ञान और दैनिक जीवन से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देने थे। द्वितीय चरण बरजर राउंड था जिसमें 1 मिनट का समय दिया गया था एवं तृतीय चरण विजुअल राउंड था जिसमें प्रतिभागियों को प्रोजेक्टर पर दिखाए गए चित्र को पहचाना था। कुल 50 प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। मॉडल काम्पीटिशन में कुल 20 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने निर्णायकों को अपने मॉडल के बारे में जानकारी दी।

आयोजित प्रतियोगिताओं के निर्णय निम्नानुसार रहेः- क्विज प्रतियोगिता में दिव्यांशी पांडे, तृप्ति चौहान, खुशी आहूजा और लुबना फातिमा विजयी रही।पोस्टर प्रतियोगिता प्रथम स्थान राधिका साहू द्वितीय स्थान पर प्रियंका कोसले तृतीय स्थान पर यशस्वी साहू रही। मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर वर्षा बंजारे का समूह द्वितीय स्थान पर प्रियंका कोसले का समय एवं तृतीय स्थान पर इशा साहूर का समूह रहे। नॉन वर्किंग मॉडल में चंचल पटेल एवं समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।





---

**Day-3**

गुरुकुल महिला महाविद्यालय, कालीबाड़ी रोड़, रायपुर (छ.ग.) में भारत सरकार के नेशनल काउसिंल ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी, इंस्टिट्यूट इनोवेशन कॉउंसिल पंडित रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी रायपुर एवं छत्तीसगढ़ कौंसिल ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी द्वारा उत्प्रेरित एवं प्रायोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के तृतीय दिवस 28.02.2024 को छात्र-छात्राओं हेतु पावरपांईट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालय से आए कुल 30 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। डॉ. योगेश्वरी पाल निर्णायक के रुप में उपस्थित थी। इन्होने छात्राओं को अपना प्रेजेन्टेशन अधिक प्रभावी किस तरह से बनाया जा सकता है, की जानकारी दी।आयोजित प्रतियोगिता के निर्णय निम्नानुसार रहेः-
प्रथम स्थान पर स्थान पर खुशी आहुजा,डिग्री गर्ल्स कालेज(बायोटेक्नोलाजी ) द्वितीय स्थान पर आदित्य ठाकुर, छत्तीसगढ़ कालेज(स्टेम सेल) एवं तृतीय स्थान पर दिशा एवं समूह,(क्लाउड कम्प्यूटिंग) पुजा साहू (डीएनए रेप्लीकेशन)। इस 3 दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का समापन समारोह में श्री मुकुंद हम्बर्डे, डायरेक्टर जनरल, छत्तीसगढ़ कौन्सिल ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी उपस्थित थे। इन्होंने अपने उद्बोधन में अध्यात्म एवं विज्ञान को जोड़ते हुए बताया कि अध्यात्म द्वारा विज्ञान के शोध को वरदान की तरह उपयोग में लाया जा सकता है। समारोह में प्रशांत कविश्वर रिसोर्ट सांइसिस्ट सीकॉस्ट उपस्थित हुए जिन्होंने विज्ञान की छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विज्ञान विषय में गण अध्ययन की आवश्यकता है क्योंकि अधिकतर शोध कार्य इसी आधारित होते हैं।डॉ. कमलेश जैन एम.डी. कम्युनिटी मेडिसिन पब्लिक हेल्थ स्टेट नोडल आफिसर उपस्थित हुए। इन्होंने जलवायु में परिवर्तन को विज्ञान विषय से जोड़ा।विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य,डॉ.संध्या गुप्ता ,सचिव,श्रीमती शोभा खंडेलवाल महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, एवं समस्त छात्राएं उपस्थित हुई। मंच संचालन डॉ. सिमरन आर वर्मा ने किया|



